पुस्तक मेलों से बढ़ेगी पढ़ने की संस्कृति : मुख्य शिक्षा अधिकारी

टोंक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुबे सिंह की मौजूदगी में पुस्तक मेले का उद्घाटन कार्यक्रम हुआ।

टोंक। अज़ीम प्रेमजी फाउण्डेशन में गत 7 जनवरी को पुस्तक मेले का उद्घाटन समारोह आयेजित किया गया, जिसमें संबोधित करते हुये मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुबे सिंह ने कहा सूचना क्रांति के इस युग में किताबे ही हमारी सच्ची मार्गदर्शक हैं, धीरे धीरे किताबों से पाठक दूर होते जा रहे हैं ये अच्छा प्रयास है पुस्तक मेले से लोगों में पढने के प्रति जागरूकता बढेगी।

उन्होने कहा कि जब भी समय मिलता है, मैं पुस्तक जरूर पढ़ता हूँ, राज्य सरकार भी स्कूलों में बच्चों को पुस्तकालय से पुस्तकें पढ़ने के प्रति सचेत है इसके लिए प्रयास भी कर रही हैं। इस दौरान एसीबीई डॉ.हेमन्त दीक्षित ने कहा कि किताबें मूल रूप से लोगों विचार एवं अनुभव का खजाना है जिससे में नई जानकारी मिलती हैं। फाउण्डेशन के शिवादीप भट्ट ने बताया कि हर वर्ष अज़ीम प्रेमजी फाउण्डेशन द्वारा ये प्रयास किया जा रहा है जिससे जिल में पढ़ने की संस्कृति का बढ़ावा मेले यहां बहुत से प्रकाशनों की पुस्तकें उपलब्ध हैं।

- **मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुबे सिंह ने कहा सूचना क्रांति के इस युग में किताबे ही हमारी सच्ची मार्गदर्शक हैं**

पौषबड़ा की प्रसादी बांटी

भरतपुर, (निस)। अग्रवाल सेवा संस्थान रंजित नगर का नववर्ष एवं पौषबड़ा कार्यक्रम संस्था अध्यक्ष एस. पी. जिंदल की अध्यक्षता में एवं पूर्व मंत्री वर्तमान भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग, व भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष सी.ए. अतुल मित्तल के मुख्य अतिथ्य में मनाया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग, मोहनलाल मित्तल, नरेंद्र अठावाल, गिरधारी गुप्ता, नदबई से फूलचंद गर्ग, विनोद गुप्ता, ओमप्रकाश सिंघल, अंजू मित्तल रहे। सर्वप्रथम समारोह में विधायक डॉ सुभाष गर्ग व अतिथियों एवं संरक्षक एल.एन. गुप्ता, शंकर लाल अठावाल, आर.पी गर्ग ने भगवान अठासेन महाराज की छवि स्वरूप तस्वीर के समक्ष माला व पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन कर आरती कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था महामंत्री मुकेश सिंघल ने किया । समारोह में कार्यकारी अध्यक्ष नवल किशोर गुप्ता, रामनिवास अग्रवाल, अमित गर्ग, संजय गुप्ता, विनोद जैन, राधा मोहन गुप्ता, विकास मित्तल, उमेश अठावाल, केदारनाथ गर्ग ने अतिथियों का माला, दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर डॉ सुभाष गर्ग ने सभी अठावन्धुओ को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी एवं नवनिर्मित भवन में अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की।

सर्वोदय संकल्प शिविर का समापन

निवाई। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के तत्वावधान में गंगा जमना गार्डन में दो दिवसीय सर्वोदय संकल्प शिविर के अन्तर्गत पंचायती राज व्यवस्था, ठाम सभा की भूमिका व राष्ट्र निर्माण में कांग्रेस कार्यकर्ता की जिम्मेदारी पर केंद्रित कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

मुख्य वैचारिक सत्र में पंचायती राज विशेषज्ञ राधेश्याम गोमला ने विस्तार से व्याख्यान देते हुए कहा कि ग्राम सभा लोकतंत्र की आत्मा है, लेकिन इसे योजनाबद्ध तरीके से कमजोर किया गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आ ान किया कि वह ठाम सभा को केवल औपचारिक बैठक न रहने दें, बल्कि उसे निर्णय, जवाबदेही और जनभागीदारी का सशक्त मंच बनाएं।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सीबी यादव ने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल नीतियों या सरकारों से नहीं होता, बल्कि जनसंवेदनशील और वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं से होता है। शिविर के समापन सत्र में पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा एवं पूर्व चेयरमैन रामविलास चौधरी ने ऐसे वैचारिक शिविरों को संगठन के लिए दिशा देने वाला बताया।

शिविर आयोजक डॉ. नरेश मीणा ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने जल्दी ही नरेगा पर आंदोलन शुरू करने का आव्हान किया।

- **राष्ट्र निर्माण केवल नीतियों या सरकारों से नहीं होता, बल्कि जनसंवेदनशील और वैचारिक रूप से होता है**

विधानसभा समन्वयक रामराय गुर्जर एवं ब्लॉक अध्यक्ष नितेश मीणा ने सभी अतिथियों, वक्ताओं व कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। शिविर का समापन ग्राम स्वराज, सामाजिक न्याय व राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष सतीश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल जाट, प्रवीण माणू, महावीर प्रसाद पराना, पवन सांवलिया, हंसराज गुर्जर, सीताराम कटारा, रीना वाल्मीकि, पप्पूलाल मीणा, नितेश मीणा, मदनलाल मीणा, शिवराज जाट करीरिया, जीवतराम यादव, मुकेश देगडा, सुदामा चौधरी भावती, राजाराम बेनीवाल, देवालाल गुर्जर, रामराय गुर्जर, कमल पहाड़ी एवं रतन कंवर जाट सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

सरसों की खेती को मिल रहा जोरदार बढ़ावा

भरतपुर (निस)। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन तिलहन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से भरतपुर जिले में सरसों की खेती को बड़ा प्रोत्साहन मिल रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य घरेलू तिलहन उत्पादन बढ़ाकर खाद्य तेलों के आयात पर निर्भरता कम करना तथा बेहतर बीज, कृषक सहयोग और मूल्य श्रृंखला विकास के माध्यम से कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाना है।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक राधेष्याम मीना ने बताया कि जिले में सरसों के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए योजना का सक्रियता से कार्यान्वयन किया जा रहा है। इसमें प्रमाणित बीज वितरण, फसल प्रदर्शन, मिनीकिट वितरण तथा कृषक प्रशिक्षण जैसी प्रमुख गतिविधियां शामिल हैं। वर्ष 2025-26 में जिले के 10 हजार किसानों को सरसों की उन्नत किस्म 'राधिका' के 400 क्विंटल प्रमाणित बीज निःशुल्क वितरित किए गए।

पुण्य कार्य का संग्रह करने वाला प्राणी पुण्यशाली जीव : वर्धमान सागर

निवाई। राष्ट्रीय संत राजकीय अतिथि आचार्य वर्धमान सागर महाराज एवं मुनि हितेन्द्र सागर महाराज ससंघ ने दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल, महिला ईकाई एवं विशुद्ध वर्धनी महिला मण्डल ने प्रथम बार ऐतिहासिक सिद्धचक्र महामण्डल विधान के तहत दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल ईकाई 75 हजार संकल्पित जाप मालाएं एवं विशुद्ध वर्धनी महिला मंडल ने 71 हजार संकल्पित जाप मालाएं की। जैन समाज के मीडिया प्रभारी सुनील भाणजा एवं विमल जौंला ने बताया कि आचार्य वर्धमान सागर महाराज के सानिध्य में श्रद्धा पूर्वक निवाई की धरा पर 75 हजार जाप का संकल्प कार्य पूर्ण कर लिया गया। उसके लिए सम्पूर्ण जैन समाज में अद्वितीय मिशाल कायम की। जिसमें शशी सोगानी, हेमा बनेठा, शकुंतला छाबड़ा, यामिनी जैन, सपना छाबडा, सुनीता बड़ागांव, उर्मिला सोगानी, शकुंतला भाणजा, संजू जौंला, पिंकी जैन, राजूल जैन, सुमन जैन, सिम्पल चंवरिया, बबीता जैन, शानू जैन, नीलम जैन, रितु जैन, मंजूला जैन, मेना जैन, ममता बोहरा, स्वाति जैन, विष्णु बोहरा, संजय सोगानी, अमित कटारिया विमल सोगानी व पवन बोहरा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

इस मौके पर आचार्यश्री द्वारा संकल्पित मालाएं फेरने वाली महिलाओं को आशीर्वाद प्रदान किया। महिला महासमिति की प्रकोष्ठ मंत्री संजू जौंला ने बताया कि 30 दिसंबर को महासमिति द्वारा 7 दिन में 57 हजार 757 जाप संकल्पित मालाएं फेरने का संकल्प लिया गया था उसमें सच्ची श्रद्धा आस्था एवं विनम्र भावों से समाज की महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा 57 हजार 757 से बढक़र 75 हजार 898 माला फेरकर संकल्प कार्य को पूर्ण कर गौरवान्वित किया। इस दौरान देश में पहली बार निवाई ईकाई द्वारा महिला अंचल की प्रदेशाध्यक्ष शकुंतला बिन्दायका एवं सभी माला फेरने वालों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर आचार्यश्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल ईकाई एवं विशुद्ध वर्धनी महिला मंडल ने जो कार्य करने का साहस किया वह पुण्यशाली है एवं जो 75 हजार से ज्यादा मंत्रित जाप माला फेरी वह एक सराहनीय कदम है। यह समाज को एक अद्वितीय संदेश दिया है। आचार्य संघ ने कहा कि आपने तो सम्पूर्ण देश में तहलका मचा दिया आपको बहुत बहुत आशीर्वाद है। आप ऐसे ही कर्म करते रहिए।

- **महासमिति एवं विशुद्ध वर्धनी महिला मंडल की महिलाओं ने किए 75 हजार संकल्पित जाप मालाएं**
- **दिगम्बर जैन महिला महासमिति ईकाई निवाई को मिला आचार्यश्री का मंगल आशीर्वाद**

11 दिवस तक होगा जलधारा का आयोजन

निवाई। धार्मिक नगरी में रक्तांचल पर्वत पर स्थित ईच्छा पूर्ण बालाजी महाराज घाटी पर अघौरी मोनी तपस्वी नागा महन्त नवलगिरी महाराज का नित्य प्रात 5:15 बजे 551 मटकों से अभिषेक किया जा रहा है।

श्रद्धालु अनिल नोहटा व मायाराम शर्मा ने बताया कि महन्त नवलगिरी महाराज का साम्भ दशमी से कृष्ण षष्टमी तक नित्य प्रात 5:15 बजे 551 मटकों से अभिषेक किया जा रहा है। यह आयोजन 11 दिवस तक चलेगा। जलधारा को देखने के लिए क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह है।

इस दौरान अनेकों भक्त वहां पहुंचकर अघौरी बाब के दर्शन करके लाभ ले रहे हैं। बाबा नवलगिरी ने बताया कि इस जलधारा का आयोजन जगत के कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जा रहा है। जिससे लोगों में सद्भावना व एकता की भावना जागृत हो सके। साथ ही सनातन धर्म के प्रति आस्था एवं विश्वास भी लोगों में व्याप्त हो। इस कार्यक्रम में शहर सहित ठामीण क्षेत्र के सैंकड़ों लोग भाग ले रहे हैं।

सुरक्षा नियमों की पालना पर जोर

फुलेरा। रेल परिसर स्थित वरिष्ठ अभियंता (सिग्नल) कार्यालय फुलेरा में बुधवार को सेफ्टी सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता सीनियर डीएसपी ललित कुमार ने की, जबकि मुख्य अतिथि एडीआरएम आपरेशन जयपुर अशफाक हुसैन अंसारी रहें। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीनियर डीईएन साउथ मनोज मीणा, सीनियर डीएमई प्रमोद रावत, सीनियर डीएसओ मनमोहन मीणा, एडीईएन फुलेरा संजय पूनिया, सीनियर डीईई एसके गुप्ता रहें। सेफ्टी काउंसलर केसी राजोरिया, वैदप्रकाश मीणा व प्रेमदास थे। सभी आगंतुक अतिथियों का मुख्य सिंगनल निरीक्षक मंयक शर्मा, अभिषेक दीक्षित व उनकी टीम ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मण्डल मंत्री आल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन जयपुर मंडल के एसके माथुर ने किया। सेफ्टी सेमिनार के दौरान रेल संचालन व रेल कार्य के दौरान बरती जाने वाली सुरक्षा संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। सेमिनार में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों की सख्ती से पालना, उपकरणों के सही उपयोग, कार्य के दौरान सावधानियों तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। रेल अधिकारियों ने सेमिनार के दौरान उदाहरणों के साथ समझाते हुए सुरक्षा नियमों का महत्व बताया तथा कर्मचारियों से अपील की कार्य के दौरान निर्धारित नियमों का गंभीरता से पालन करें, लापरवाही से बचें और किसी भी परिस्थिति में सेफ्टी से समझौता न करें। सेमिनार में आपातकालीन स्थिति में किए जाने वाले उपायों, संचार व्यवस्था, टीम वर्क तथा जिम्मेदारियों के निर्वहन पर भी विचार-विमर्श हुआ। अंत में सभी को सुरक्षा सर्वोपरि रखने का संकल्प दिलाया।

पावटा में गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक

पावटा। पंचायत समिति पावटा सभागार में मंगलवार को उपखंड अधिकारी पावटा साधना शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ब्लॉक स्तरीय आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की पूर्व तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुये आवंटित कार्यों को कुशलतापूर्वक संपादित करने के निर्देश प्रदान किये।

उपखंड अधिकारी साधना शर्मा ने कहा कि गणतंत्र दिवस-2026 के अवसर पर आयोजित होने वाले उपखंड स्तरीय समारोह को गरिमामयपूर्ण एवं उत्साहपूर्वक मनाये जाने के लिये सौंपे गये दायित्व अनुसार संबंधित अधिकारी समयबद्ध तैयारियां सुनिश्चित करें, उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस का ब्लॉक स्तरीय समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा खेल मैदान में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने नगरपालिका को निर्देश दिये कि मुख्य समारोह स्थल पर टेंट, स्टेज, बैठक, साउंड व्यवस्था एवं अन्य प्रकार की समस्त तैयारियां अपटूडेट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यक्रम तैयार कर परेड, मार्च पास्ट को सुनियोजित करने को कहा।

उन्होंने समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभाग में विशेष कार्य करने वाले अधिकारियों, कार्मिकों, खिलाड़ियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शिक्षा में मैरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित करने हेतु आवेदन गठित समिति को आवश्यक रूप से भिजवायें। उपखंड अधिकारी ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की चयन समिति को आवश्यक निर्देश प्रदान करते हुये कहा कि कार्यक्रम देशभक्ति व शिक्षाप्रद प्रवृति से ओतप्रोत होने चाहिये। वही उन्होंने कहा कि प्रमुख चौराहों, ऐतिहासिक दरवाजों एवं राजकीय व मुख्य भवनों पर रंगीन एवं आकर्षक रोशनी की व्यवस्था और विशेष सफाई सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएमएचओ को एम्बूलेंस मय चिकित्सा दल एवं जीवनरक्षक दवाओं के साथ कार्यक्रम स्थल पर रखने के निर्देश दिये। साथ ही वीरांगनाओं को कार्यक्रम में ससम्मान लाने व ले जाने की उचित व्यवस्था करने को कहा। साथ ही पुलिस विभाग को सुरक्षा संबंधी इंतजाम करने के निर्देश दिये। इस दौरान ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

- **अधिकारियों को कार्य आवंटित कर आवश्यक निर्देश दिये**

बालाजी को भोग लगाकर श्रद्धा व सेवा भाव के साथ पौष बड़ा प्रसादी बांटी

पावटा। उपजिला अस्पताल पावटा परिसर में सर्दी के मौसम की पारंपरिक परंपरा को निभाते हुए पौष बड़ों का आयोजन श्रद्धा, आस्था और सेवा भाव के साथ किया गया। इस अवसर पर विधिवत रूप से श्री रोग हरण बालाजी महाराज को पौष बड़ों का भोग अर्पित किया गया, जिसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों, उनके परिजनों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों ने प्रसाद ग्रहण किया। उपजिला अस्पताल पावटा प्रभारी डॉ.रवि, बंसल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.देवेंद्र शर्मा, डॉ. एस के वर्मा, डॉ. अशोक बाज्या, डॉ.भास्कर, डॉ. सौरभ, डॉ. खुशबू अठावाल, सत्यनारायण गौड, बाबूलाल जाट, महेश यादव, दयाराम यादव, रंगलाल यादव, कमलेश स्वामी, कुलदीप मीणा, विकास सैनी, राकेश यादव सहित आयोजकों ने बताया कि पौष माह में बड़ों का विशेष धार्मिक व स्वास्थ्य संबंधी महत्व होता है। ठंड के मौसम में यह शरीर को गर्मी और ऊर्जा प्रदान करते हैं, साथ ही परंपराओं से जुड़ाव बनाए रखते हैं। ऐसे धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों से अस्पताल के वातावरण में सकारात्मकता आती है और मरीजों को मानसिक शांति मिलती है। मरीजों व परिजनों ने भी आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

- **कार्यक्रम के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों, उनके परिजनों आदि को प्रसादी बांटी**

उपजिला अस्पताल पावटा परिसर में सर्दी के मौसम की पारंपरिक परंपरा को निभाते हुए पौष बड़ों का आयोजन किया।

पोस्टर का विमोचन

भरतपुर । महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर द्वारा 20, 21 जनवरी 2026 को आयोजित की जा रही अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी भारतीय ज्ञान परम्परा विविध संदर्भ के पोस्टर का विमोचन विभिन्न विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया। यह संगोष्ठी भारतीय ज्ञान परम्परा के संरक्षण करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण शैक्षिणक पहल मानी जा रही है।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम संदीप कुमार बंसल से बदलकर संदीप बंसल पुत्र कल्याणमल बंसल रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। R/o FNo. G-107, प्लाट नं.100 से 107, गणेश नगर-बी मान्यावास मानसरोवर जयपुर राजस्थान-302020

मैंने अपना नाम नेहा भाकर से बदलकर नेहा भाखर (Naha Bhaker) पत्नी गौतम भाखर रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें-एस-43, महावीर नगर, टोंक रोड, जयपुर

मैं वैभव खूंटेटा मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरी माताजी व पिताजी का सरनेम गलती से खूंटेटा हो गया जबकि सही सरनेम खण्डेलवाल है भविष्य में मुझे वैभव खूंटेटा पुत्र जितेन्द्र खण्डेलवाल एवं निधि खण्डेलवाल के नाम से जाना जावें। निवासी 4, इन्द्रपुरी कॉलोनी, ब्रह्मपुरी, जयपुर, राजस्थान-302002

मैं JC 704762X सूबेदार कान सिंह निवासी एमएच जयपुर ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट जयपुर (राजस्थान) के समक्ष दिनांक 02.01.2026 को दिए गए शपथ पत्र के अनुसार अपने बच्चे का नाम अजय पाल सिंह शेखावत से अजयपाल सिंह शेखावत रख लिया है।

मैं गायत्री देवी पत्नी सुरेश कुमार कडवासरा, निवासी-138, ऑफिसर्स कैम्पस, सिरसी रोड, खातीपुरा, जयपुर। मेरे समस्त दस्तावेज आधारकार्ड, पेनकार्ड, बैंक पास बुक सबमें मेरा नाम गायत्री देवी है। HDFC की पॉलिसी संख्या 17974504 में गायत्री कडवासरा है। गायत्री देवी और गायत्री कडवासरा दोनों मेरे नाम है भविष्य में गायत्री देवी के नाम से जाना पहचाना जाए।

मैं आर्मी नंबर 15224157P लान्स/नायक देशमुख राहुल भरत 199 मीडियम रेजिमेंट मेरे सैन्य दस्तावेज में मेरे पत्नी का नाम देशमुख भाग्यश्री राहुल (Deshmukh Bhagyashri Rahul) है जो कि गलत है। मेरे पत्नी का नाम भाग्यश्री राहुल देशमुख (Bhagyashri Rahul Deshmukh) है जो की सही है और सत्य है।

मैं अनुसया माताजी आर्मी नंबर 15224157P लान्स/नायक देशमुख राहुल भरत निवासी स्थान वीपीओ जायगांव तहसील खटाव जिला सातारा महाराष्ट्र पिन 415510 मेरे बेटे के सर्विस रिकॉर्ड में नाम अनुसया और जन्मतिथिगलत 03/09/1966 गलत दर्ज है मेरे डॉक्यूमेंट और आधार और पैन कार्ड में मेरा सही नाम अनुसया भरत देशमुख और जन्मतिथि 01/01/1968

मैं देशमुख भरत महादेव आर्मी नंबर 15224157P लान्स/नायक देशमुख राहुल भरत निवासी स्थान वीपीओ जायगांव तहसील खटाव जिला सातारा महाराष्ट्र पिन 415510 मेरे बेटे के सर्विस रिकॉर्ड में नाम देशमुख भरत महादेव और जन्मतिथि गलत 13/01/1961 गलत दर्ज है मेरे डॉक्यूमेंट और आधार और पैन कार्ड में मेरा सही नाम भरत महादेव देशमुख और जन्मतिथि 01/01/1961

मैं, सोम्या, आर, पति/पत्नी नंबर-14689136K हवलदार राजा एस. निवासी वार्ड नंबर 6, पोस्ट ऑफिस सप्तू जिला मदुरै राज्य-तमिलनाडु पिन-625705 ने अपना नाम सौम्या, आर से बदलकर सौम्या.जी कर लिया है एफिडेविट नंबर IN-RJ49429536625891Y दिनांक 02.01.2026 के अनुसार नोटरी पब्लिक सांगानेर जयपुर (राज.) के समक्ष।

मेरा नाम मुडे छाया अशोक से बदलकर छाया अशोक मुडे (CHAYA ASHOK MUNDE) रख लिया है आगे से मुझे छाया अशोक मुंडे के नाम से जाना जावें। मेरी जन्म दिनांक 30 अगस्त, 1990 गलत है सही जन्म दिनांक 01 जनवरी 1995 है। पता-चौडी, जिला बीड 431124 महाराष्ट्र

I have changed my name from Rahul Bhushan Bhatnagar to Rahul Bhatnagar for all purpose in future. R/o E-15, Nirman Nagar, Ranisati Nagar Jaipur-302019

I Have Changed my Name From Padma Balani To Vidhi Chandnani W/o Suresh Kumar Chandnani For All Purpose. Plot No. 3, Unit-1, 3rd Floor K.R.B. Apartment, Nandpuri, Malviya Nagar, Jaipur (Raj.)

I have changed my name from Pankaj Kumari to Muskan Rajput D/o Shri Chandra Hans R/o Shiv Nagar, Bharatpur (Raj.). In future I should be known and recognized by may new name.

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 3/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र श्री छतर सिंह निवासी 165 अम्बेडकर नगर अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत दादा-दादी आर्शीवाद चैरिटेबल ट्रस्ट प्लॉट नं. 32, (दूसरा फ्लोर), शिव कॉम्प्लेक्स, जेल का चौराहा, क्रास पाइंट मॉल के पीछे, अलवर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 01.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 11.03.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/197
चूंकि प्रार्थी श्री NOOR MOHAMMAD 11, BHATIYA COLONY MANNAKA ROAD ALWAR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास अलवर मैवात इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन एण्ड डवलपमेंट अलवर 5, PATEL NAGAR, KRISHI UPAJ MANDI KE PASS, NEW DAUDPURA ALWAR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 06.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 13.03.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

आम सूचना सूचित रहे वाके ग्राम प्रतापपुरा देशवासियान तहसील मालपुरा जिला टोंक में स्थित खसरा नम्बर 271/7 रकबा 1 बीघा अर्थात 2500 वर्गमीटर आबादी भूमि मेरेअभिभाष्यगण टेकचन्द खत्री, चन्द्र कुमार खत्री, उमेश कुमार खत्री नरेश कुमार खत्री, पुत्रान स्व. श्री नारायणदास खत्री निवासी प्लॉट नम्बर 18 भैरव कॉलोनी, नियर पावर हाउस के पास सांगानेर जयपुर के स्वामित्व व अधिकार की भूमि हैं जिस पर न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश मुख्यालय मालपुरा जिला टोंक से मौके के यथास्थिति के स्थगन पारित हैं जो आज भी प्रभारी हैं कोई भी व्यक्ति मौके पर किसी भी प्रकार का कब्जा करने की नियत से कच्चा पक्का निर्माण नहीं करें।
(पं. ओमप्रकाश रंगजीका) एडवोकेट, मो. 9414279691

सूचना
मैं कि चेतन भारद्वाज पुत्र स्व. भगवती लाल जाति ब्राह्मण आयु 45 साल नि. सायनाथ खिडकिया करौली तह. व जि. करौली (राज.)। यह कि काव्यांश भारद्वाज मेरा सगा पुत्र है। मेरे उक्त पुत्र काव्यांश की सही जन्म तिथि 16.11.2013 है जो कि सही व सत्य है। जो उसके जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। मेरे उक्त पुत्र के विद्यालय रिकार्ड में सहवन भूल से गलती से काव्यांश की जन्म तिथि 25-10-2011 दर्ज हो गयी है जो कि गलत है। इसलिये विद्यालय रिकार्ड में शुद्धिकरण कर 25-10-2011 के स्थान पर 16-11-2013 दर्ज किया जाना आश्यक है।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/994
चूंकि प्रार्थी श्री Dr. Sangam Mishra. House No. B-4/290 afdarjung Enclave New Delhi ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास स्कॉलर्स एजूकेशन ट्रस्ट ऑफ इण्डिया A-602, TRIMURTY-DAVE APPARTMENTS JAI SINGH HAGHWAV ROAD, BANIPARK, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 06.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 13.03.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त- तृतीय, राजस्थान आवासन मंडल, जवाहर सर्किल जयपुर
जे.एल.एन मार्ग, जवाहर सर्किल के पास जयपुर 0141-4901853
क्रमांक: 72 **आम जाहिर सूचना** दिनांक: 06.01.2026
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या 7/MB/160 इंदिरा गांधी नगर जयपुर, क्षेत्रफल 96.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री हरी ओम गुप्ता पुत्र श्री रमेश चन्द गुप्ता को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4844 दिनांक 18/9/2012 जारी किया गया था। तत्पश्चात श्री हरी ओम गुप्ता पुत्र श्री रमेश चन्द गुप्ता के द्वारा आवास का मुख्यारनामाआम श्री संजय मित्तल पुत्र श्री महेश चन्द मित्तल को नियुक्त किया गया। उक्त मुख्यारनामाआम का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर अष्टम् में दिनांक 11/12/2012 को कार्यालय करवाया गया। तत्पश्चात मुख्यारनामाआम धारक श्री संजय मित्तल पुत्र श्री महेश चन्द मित्तल के द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उपपंजीयक जयपुर अष्टम् में दिनांक 04/01/2013 को करवाया गया। तत्पश्चात मुख्यारनामाआम धारक श्री संजय मित्तल पुत्र श्री महेश चन्द मित्तल के द्वारा उक्त आवास का बेचान (स्वयं) श्री संजय मित्तल पुत्र श्री महेश चन्द मित्तल को कर दिया गया। उक्त विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर